# राजकीय महाविद्यालय ठियोग, तहसील ठियोग, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के निधि लेखाओ का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

**अवधि 1.4.2012 से 31.3.2016**

## भाग–एक

**1 विगत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

राजकीय महाविद्यालय ठियोग के विगत अंकेक्षण प्रतिवेदन में समाविष्ट अंकेक्षण पैरों की समीक्षा वर्तमान अंकेक्षण के दौरान करने के उपरान्त निर्णीत एवं अनिर्णीत पैरो की नवीनतम स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है।

## भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षणः–**

राजकीय महाविद्यालय ठियोग, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के अवधि 1.4.2012 से 31.3.2016 के छात्र निधि लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दर्शाए गए है, श्री अनिल कुमार, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) द्वारा दिनांक 23.12.2016 से 16.2.2017 के दौरान महाविद्यालय के ठियोग स्थित कार्यालय मे किया गया। इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण की विस्तृत जॉच हेतु चयनित निम्नलिखित मासों का चयन किया गयाः–

| वर्ष | आय की विस्तृत जॉच हेतु चयनित मास | व्यय की विस्तृत जॉच हेतु चयनित मास |
|---|---|---|
| 2012–13 | 6/2012 | 12/2012 |
| 2013–14 | 6/2013 | 10/2013 |
| 2014–15 | 6/2014 | 9/2014 |
| 2015–16 | 6/2015 | 9/2015 |

**अंकेक्षण के दौरान महाविद्यालय में निम्नलिखित प्रधानाचार्य आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत्त रहेः–**

| क्रमांक | प्रधानाचार्य का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | डा0 सी0एल0 संख्यान | 1.4.12 से 23.8.12 |
| 2 | डा0 करूणा भारद्वाज | 23.8.12 से 31.3.16 |

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाए गए अभिलेख एवं सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी अभिलेख/सूचना के गलत उपलब्ध करवाए जाने, अपूर्ण उपलब्ध करवाए जाने व उपलब्ध न करवाए जाने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रकार के प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं है।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः–

राजकीय महाविद्यालय ठियोग के अवधि 1.4.2012 से 31.3.2016 के छात्र निधि लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹32000 बनता है जिसे अदा करने हेतु सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) की अंकेक्षण अधियाचना संख्या 1 दिनांक 16.2.17 द्वारा अनुरोध किया गया था।

## 4 वित्तीय स्थितिः–

महाविद्यालय के अवधि 1.4.2012 से 31.3.2016 के छात्र निधियों की वित्तीय स्थिति **परिशिष्ट "ख–1 से क–8"** पर संलग्न हैं। महाविद्यालय ने छात्र निधियों को रोकड़ बही में निधिवार दर्शाया है परन्तु बैंक में निधिवार पृथक–पृथक खाते न खुलवाकर चार–2 पाँच–2 निधियों की रोकड़ बही में प्रविष्टी के अनुसार खाते खुलवाकर जमा करवाया गया जिसका विवरण बैंक खातों में जमा 31.3.2016 के शेषों के अनुसार साथ संलग्न है। अतः महाविद्यालय द्वारा नियमानुसार छात्र निधियों को पृथक–2 बैंकों के खाते खुलवाकर रख रखाव करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के समय अवगत करवाया जाये।

## 5 ₹0.66 लाख की पुस्तकालय प्रतिभूति के रूप में अनाधिकृत वसूली करनाः–

छात्र निधि संग्रह रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि सत्र 2014–15 में छात्रों से विभिन्न–2 निधियों में प्राप्ति के दौरान नये प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ जो पहले से ही महाविद्यालय के छात्र थे, से भी पुस्तकालय प्रतिभूति की वसूली दोबारा ₹100 प्रति छात्र प्राप्त कर ली गई है, जबकि नियमानुसार महाविद्यालय में नये प्रवेश पाने वाले छात्रों से ही ₹100 प्रति छात्र पुस्तकालय प्रतिभूति ली जानी अपेक्षित थी। अतः इस प्रकार सत्र 2014–15 के दौरान पूर्व में प्रवेश ले चुके छात्रों से भी ₹65700 की पुस्तकालय प्रतिभूति की अनाधिकृत रूप से वसूली कर ली गई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | |
|---|---|
| वर्ष 2014–15 में कुल छात्रों की संख्या | 1058 |
| वर्ष 2014–15 में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों की सं0 | 401 |
| पुराने छात्रों की सं0 | 657 |
| पुस्तकालय प्रतिभूति पर | ₹100 प्रति छात्र |
| अनाधिकृत प्राप्ति | 657X100=₹65700 |

अतः छात्रों से पुस्तकालय प्रतिभूति की अनाधिकृत रूप से वसूली करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

**6 छात्रों से हि0प्र0 विश्वविद्यालय पंजीकरण शुल्क की ₹0.20 लाख की अनाधिकृत वसूली करना:–**

अवधि 2012–13 से अवधि 2015–16 के शुल्क एवं निधि प्राप्ति रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि वर्ष 2014–15 में पूर्व में प्रवेश प्राप्त छात्रों से शुल्क एवं छात्रों निधियों की प्राप्ति के समय हि0प्र0 विश्वविद्यालय पंजीकरण शुल्क की वसूली ₹30 प्रति छात्र से की गई है जबकि इन छात्रों से हि0प्र0 विश्वविद्यालय कन्टीन्यूऐशन शुल्क भी ले ली गई है। इस निधि की वसूली पूर्व में प्रवेश से चुके छात्रों से अनाधिकृत रूप से कर ली गई है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

| | |
|---|---|
| पुराने विद्यार्थियों की कुल संख्या | 657 |
| हि0प्र0 विश्वविद्यालय पंजीकरण शुल्क की दर | 30 प्रति छात्र |
| अनाधिकृत वसूली | 657X30=₹19710 |

अतः उपरोक्त अनाधिकृत वसूली किन आदेशों/नियमों के अन्तर्गत की गई है, के बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

**7 छात्र निधियों के अन्तर्गत प्राप्त राशियों से अधिक राशियों को बैंक खाते में जमा करना:–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि माह 6/12 में महाविद्यालय द्वारा छात्र निधियों में जितनी आय प्राप्त की बैंक खाता संख्या 9074 में उससे अधिक राशियाँ जमा की जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:–

| बैंक खाता सं0 | दिनांक | छात्र निधियों में एकत्र राशियाँ | दिनांक | बैंक में जमा राशि | अधिक जमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 9074 | 12.6.12 | 4646 | 13.6.12 | 5376 | 730 |
| 9074 | 13.6.12 | 7328 | 14.6.12 | 8673 | 1345 |
| 9074 | 18.6.12 | 94328 | 19.6.12 | 106138 | 20810 |
| 7216 | | 106302 | | 9000 | |
| | | | | **129187** | **22885** |

अतः छात्र निधियों में प्राप्त राशियों से अधिक राशि को बैंक खातों में जमा करने बारे कोई भी विवरण अभिलेख में नहीं पाये गये यह राशियाँ संस्था को किस स्त्रोत/माध्यम से प्राप्त हुई और इन राशियों को प्राप्त राशियों से अधिक को बैंक खाते में जमा करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और अनुपालना से आगामी लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**8 प्रवेश पाने वाले नये छात्रों से हि0प्र0 विश्वविद्यालय पंजीकरण शुल्क के साथ अनाधिकृत ढ़ंग से हि0प्र0 कन्टीन्यूऐशन शुल्क की वसूली ₹4010**

अवधि 2012–13 से 2015–16 के शुल्क एवं निधि प्राप्ति रजिस्टर में छात्रों से प्राप्त विभिन्न–2 छात्र निधियों में प्राप्त राशियों की जाँच करने पर पाया गया कि सत्र 2014–15 के दौरान प्रवेश पाने वाले छात्रों से हि0प्र0 विश्वविद्यालय शुल्क के साथ–2 हि0प्र0 विश्वविद्यालय कन्टीन्यूऐशन शुल्क की वसूली ₹10 प्रति छात्र के हिसाब से की गई जोकि अनियमित थी। जिसके फलस्वरूप नये छात्रों से अनाधिकृत ढ़ंग से ₹4010 की हि0प्र0 विश्वविद्यालय कन्टीन्यूऐशन शुल्क की वसूली की गई जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | |
|---|---|
| नये प्रवेश पाने वाले छात्रों की कुल संख्या | 401 |
| दर | ₹10 प्रति छात्र |
| अनाधिकृत वसूली | ₹4010 |

अतः अनाधिकृत ढ़ंग से नये छात्रों से ₹4010 की वसूली बारे स्थिति स्पष्ट की जाये।

**9 रोकड़ बही में ₹1215 की कम प्रविष्टि करने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनांक 18.6.12 को शुल्क एवं निधि संग्रहण रजिस्टर में कैम्पस विकास निधि में ₹820 पुस्तक प्रतिस्थापन निधि में ₹2050 तथा फर्नीचर प्रतिस्थापन निधि में ₹820 प्राप्त हुये थे तथा बैंक खाता संख्या 9074 में जमा भी किये परन्तु सम्बन्धित

निधियों की रोकड़ बहियों में उक्त प्राप्त राशियों को कम दर्शाया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| निधि का नाम | राशि ₹ में |
|---|---|
| कैम्पस विकास निधि | 270 |
| पुस्तक प्रतिस्थापन निधि | 675 |
| फर्नीचर प्रतिस्थापन निधि | 270 |
| | 1215 |

अतः इस प्रकार रोकड़ बही में ₹1215 कम की प्रविष्टि की जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और इस त्रुटि को ठीक कर आगामी अंकेक्षण में दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

**10 छात्रों से प्राप्त निधियों में से ₹200 को कम जमा करवानाः–**

महाविद्यालय के शुल्क एवं निधि प्राप्ति रजिस्टर, रोकड़ बहियों व बैंक खातों से मिलान करने पर पाया गया कि निम्नलिखित प्रकरणों में विभिन्न छात्र/छात्राओं से छात्र निधियों में प्राप्त राशियों को सम्बन्धित बैंक खातों में निम्न विवरणानुसार ₹200 को कम जमा करवाया गयाः–

(1) रसीद संख्या 116643 दिनांक 29.6.15 को श्री अंकुश रोल नं0 1227 बी0एस0सी0-I से जो शुल्क एवं निधि प्राप्त किये उसकी कुल गणना ₹2519 बनती थी जबकि शुल्क एवं निधि प्राप्ति रजिस्टर में केवल ₹2319 अंकित किये गये दर्शाये गये और बैंक में ₹2319 ही जमा किये गये। इस प्रकार ₹200 को कम जमा किया गया जिसको अंकेक्षण के दौरान रसीद संख्या 0156882 दिनांक 21.1.2017 द्वारा वसूली कर बैंक खाता संख्या 9076 जोकि सहकारी बैंक ठियोग में जमा करवा दी गई।

**11 सरकारी कोष में ₹500 जमा करने बारेः–**

शुल्क एवं निधि प्राप्ति रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया है कि दिनांक 19.6.2012 को प्रवेश एवं विलम्ब शुल्क के अन्तर्गत ₹11600 की एकत्रित राशि से दिनांक 20.6.2012 को ₹11100 ही सरकारी कोष जमा करवाए गए। इस प्रकार ₹500 का गबन सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा कर लिया प्रतीत होता है। अतः आग्रह किया जाता है कि मामले की छानबीन करके आवश्यक कार्यवाही की अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

12 **शुल्क एवं निधि एकत्रीकरण रजिस्टर में शुल्क एवं निधि प्राप्ति से सम्बन्धित प्रविष्टियों को न करनाः–**

संस्था के शुल्क एवं निधि संग्रह रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि वर्ष 2015–16 के दौरान प्राप्त शुल्क एवं निधियों की प्रविष्टियाँ शुल्क एवं निधि एकत्रीकरण रजिस्टर में पूर्ण नहीं की जिसके फलस्वरूप रजिस्टर में शुल्क एवं निधियों की जाँच पड़ताल नहीं हो सकी। जिनकी प्रविष्टियों को इस रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया। उनका ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः–

| दिनांक | रसीद सं0 | निधियों का ब्यौरा |
|---|---|---|
| 17.6.15 | 136773 से 136808 | मिश्रित निधि, सांस्कृतिक गतिविधि निधि एवं विद्यार्थी विकास निधि |

राशियों को उक्त रजिस्टर में प्रविष्टि न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये। अतः इस त्रुटि को शीघ्र ठीक करके आगामी अंकेक्षण में दर्शाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

13 **व्यय**

**(1) वाउचर संख्या 54/2012 माह 10/12 ₹34700 द्वारा ₹900 का अधिक भुगतान**

राजकीय महाविद्यालय में लड़कियों की बालीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन पर विभिन्न कार्यों हेतु मै0 रोज लाईट एवं टैन्ट सर्विस के पक्ष में गेट लगाने हेतु ₹700 प्रतिदिन की दर से रेट अनुमोदित किए गए लेकिन इस फर्म को अनुमोदित दरों के स्थान पर ₹1000 प्रतिदिन की दर से दिनांक 28.9.2012 से 30.9.2012 के लिए ₹900 की अधिक अदायगी कर दी गई है जिसकी वसूली सम्बन्धित से करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

इसके अतिरिक्त सम्बन्धित फर्म को ₹3500 ढुलाई/मजदूरी का भुगतान भी महाविद्यालय द्वारा किया गया है जबकि निविदाओं में इसके भुगतान करने की कोई भी शर्त नहीं थी। अतः इस व्यय का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए।

**(2) वाउचर संख्या 35/2013 माह 10/2013 ₹42383:–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था ने पुस्तकालय के लिये रूसा के अन्तर्गत प्रथम स्मैस्टर के लिये नये पाठयक्रम की पुस्तकों की खरीद हेतु राजीव बुक डिपो, 190/2 लोअर बाजार शिमला को ₹42383 का भुगतान किया गया। बिलों की जाँच करने पर पाया गया कि

संस्था द्वारा गठित कमेटी ने एक ही विषय की पुस्तक विभिन्न लेखकों की खरीदी। अंकेक्षण के मतानुसार पुस्तकालय के लिये उसी लेखक की किताबें खरीद कर पुस्तकालय में रखी जानी थी जिस लेखक की पुस्तकें रूसा द्वारा अनुमोदित की गई है। जिन–2 विषयों की विभिन्न लेखकों की पुस्तकें खरीद की गई उनका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| बिल सं0/दिनांक | विषय | लेखक | संख्या | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 793/दिनांक शून्य | इतिहास–मेजर | एम0एस0 सोढी | 2 | 250 | 500 |
| | इतिहास–माईनर | –यथोपरि– | 2 | 300 | 600 |
| 804/दिनांक शून्य | इतिहास– | एम0एस0 मनू | 2 | 250 | 500 |
| | इतिहास–I | कुन्द्रा व बावा | 2 | 250 | 500 |
| 793/दिनांक शून्य | लोक प्रशासन | वी0के0 पुरी मेजर | 2 | 225 | 450 |
| 804/दिनांक शून्य | लोक प्रशासन | फाडिया | 2 | 700 | 1900 |
| 804/दिनांक शून्य | लोक प्रशासन | फाडिया | 2 | 750 | 1500 |
| 773/दिनांक शून्य | राजनीति शास्त्र (मेजर) | नन्दा | 2 | 195 | 390 |
| 773/दिनांक शून्य | राजनीति शास्त्र | के0के0 पूरी | 2 | 160 | 320 |
| 804/दिनांक शून्य | राजनीति शास्त्र (मोडर्न) | नहीं दिया | 2 | 270 | 540 |
| 821/दिनांक शून्य | इतिहास कोड 101 | भारत | 2 | 250 | 500 |
| | इतिहास कोड 122 | भारत | 2 | 300 | 600 |
| 821/दिनांक शून्य | इतिहास मेजर माईनर | मोडर्न | 2 | 280 | 560 |
| 821/दिनांक शून्य | राजनीति शास्त्र 022 | के0के0 पूरी | 2 | 250 | 500 |
| 793/दिनांक शून्य | कैल्कूलस | नहीं दर्शाया | 2 | 225 | 450 |
| 794/दिनांक शून्य | कैल्कूलस | डी0आर0 शर्मा | 2 | 250 | 500 |
| 793/दिनांक शून्य | व्यवसायिक अर्थशास्त्र | कल्यानी | 2 | 150 | 300 |
| 793/दिनांक शून्य | व्यवसायिक अर्थशास्त्र | वी0के0 पब | 2 | 275 | 550 |
| 804/दिनांक शून्य | व्यवसायिक अर्थशास्त्र | टी0आर0 जैन | 2 | 275 | 550 |
| 793/दिनांक नही दी | व्यवसायिक संगठन | कल्यानी | 2 | 250 | 500 |
| 794/दिनांक नहीं दी | व्यवसायिक संगठन | वी0के0 पब | 2 | 150 | 300 |
| 821/दिनांक नहीं दी | व्यवसायिक संगठन | नहीं दिया | 2 | 250 | 500 |
| 793/दिनांक नहीं दी | आरगैनिक रसायन विज्ञान | मोर्डन | 2 | 140 | 280 |
| 803/दिनांक नहीं दी | आरगैनिक रसायन विज्ञान | नहीं दिया | 1 | 650 | 650 |
| 793/दिनांक नहीं दी | जैव रसायन शास्त्र | मोडर्न | 2 | 140 | 280 |
| –यथोपरि– | जैव रसायन शास्त्र | दिनेश | 2 | 290 | 580 |
| 794/दिनांक नहीं दी | सैट जीव विज्ञान | प्रदीप | 3 | 1276 | 3828 |
| 821/दिनांक नहीं दी | जोलोजी खण्ड–I III | | 2 | 450 | 900 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| –यथोपरि– | जोलोजी खण्ड–II | | 2 | 450 | 900 |
| 804 / दिनांक नहीं दी | भारतीय संविधान | वासू | 2 | 295 | 590 |
| –यथोपरि– | भारतीय संविधान | वासू | 2 | 233 | 470 |
| 821 / दिनांक नहीं दी | कोन्सटिज्यूशन ऑफ ईन्डिया | – | 2 | 275 | 550 |

अतः उपरोक्त खरीद को नियमानुसार वैध ठहराने के ठोस कारणों से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(3) यात्रा के दौरान छात्रों को 50% किराया छूट के लाभ का न उठाया जानाः–**

निम्नलिखित प्रकरणों में राजकीय महाविद्यालय द्वारा अपने छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु की गई बस यात्राओं के दौरान हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम द्वारा देय किराए में **50%** की छूट का लाभ नहीं उठाया गया है जिसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय की मिश्रित निधि एवं खेलकूद निधि पर ₹8719 की वित्तीय हानि हुई है। अतः इस प्रकरण में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम द्वारा छूट के लाभ को न उठाए जाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **वा0सं0 / दिनांक** | **जिस स्थान के लिये यात्रा की** | **निधि का नाम** | **कुल व्यय** | **यात्रा पर व्यय** | **50% छूट** | **जितना अधिक व्यय किया** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 / 2013 दि0 14.9.13 | अन्र्तमहाविद्यालय युवा महोत्सव सुन्दरनगर | मिश्रित निधि | 29787 | 5730 | 2865 | 2865 |
| 38 / 2013 ऑफ 21.10.13 | मुक्केबाजी (छात्र) प्रतियोगिता रा0म0वि0 कुल्लू | खेलकूद निधि | 10800 | 780 | 390 | 390 |
| 48 / 2012 ऑफ 4.10.12 | हि0प्र0वि0वि0 युवा महोत्सव धर्मशाला | मिश्रित निधि | 32000 | 8060 | 4030 | 4030 |
| 52 ऑफ 10 / 12 दिनांक 10.10.12 | हि0प्र0वि0वि0 अन्र्तमहाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता सुन्दरनगर | खेलकूद निधि | | 15000 | 2004 | 1002 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 ऑफ 9/14 दिनांक 8.9.14 | अर्न्तमहाविद्यालय बैडमिन्टन प्रतियोगिता रा0महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला | मिश्रित निधि | 10600 | 864 | 432 |

**4 वाउचर संख्या 40/2013 ऑफ 10/13 ₹944/–**

उक्त भुगतान कुमारी रेशमा वर्मा को वर्ष 2013–14 में प्राचार्य, स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोलन के नाम से ₹944 का बनाकर किया परन्तु भुगतान के साथ ₹944 के सम्बन्ध में कोई भी विवरण/साथ संलग्न नहीं जिसके फलस्वरूप भुगतान की ₹944 की जाँच नहीं की जा सकी जिसे आगामी अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**5 वाउचर संख्या 55/2012 ऑफ 10/12 ₹416**

उक्त भुगतान मिश्रित निधि से श्रीमती एल0डी0 नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष को पत्रिका की खरीद के एवज में किया गया है परन्तु पत्रिका से सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण के दौरान जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किया जिसके अभाव में इन पत्रिकाओं की प्राप्ति की पुष्टि सुनिश्चित नहीं हो सकी जिसे आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**6 वाउचर संख्या 68/2012 ऑफ 12/12 ₹3855**

उपरोक्त वाउचर द्वारा मै0 शर्मा न्यूज एजैन्सी ठियोग को माह 2/2012 से 11/2012 के दौरान महाविद्यालय को विभिन्न समाचार पत्रों की आपूर्ति हेतु ₹3855 का भुगतान किया गया दर्शाया गया है। यद्यपि बिलों पर भण्डारण प्रविष्टि को पुस्तकालय रजिस्टर में दर्ज किया गया दर्शाया गया है लेकिन यह रजिस्टर अंकेक्षण के दौरान जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः आगामी अंकेक्षण के दौरान इसे प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि भण्डारण प्रविष्टियों की सत्यता की जाँच अंकेक्षण द्वारा की जा सके।

**7 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समरहिल शिमला से पंजीकरण प्रपत्र पर किये व्यय से कम आय की प्राप्ति करनाः–**

**(1)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से वर्ष 2013–14 के लिये 364 नं0 पंजीकरण प्रपत्र की आपूर्ति के लिये ₹3640/–का भुगतान वाउचर

संख्या 25/2013 दिनांक 4.9.2013 द्वारा किया तथा इसकी एवज में वर्ष 2013–14 में पंजीकरण प्रपत्र पर छात्रों से ₹3500 की वसूली की जिसके फलस्वरूप ₹140 की कम प्राप्ति की जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

(2) इसी प्रकार वर्ष 2014–15 के सत्र में वाउचर संख्या 15/2014 दिनांक 8.9.14 को 510 नं0 पंजीकरण प्रपत्र की आपूर्ति के लिये ₹10200 का भुगतान किया गया जबकि छात्रों से केवल ₹9000 ही प्राप्त किये गये। इस प्रकार वर्ष 2014–15 में ₹1200 की कम प्राप्ति की जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8 वाउचर संख्या 36 ऑफ 10/13 ₹40000**

प्रोफेसर ललिता रावत को अर्न्तमहाविद्यालय, युवा महोत्सव (ग्रुप–IV) में छात्र, छात्राओं को भाग लेने के खर्च हेतु ₹40000 अग्रधन का भुगतान किया गया। इस अग्रधन से सम्बन्धित व्यय वाउचरों की जाँच करने पर पाया गया कि मै0 शर्मा, लोअर बाजार शिमाला के बिल संख्या 3573 दिनांक 18.10.13 का योग ₹1956 बनता था जबकि उक्त व्यापारी को ₹1976 का भुगतान करके ₹20 का अधिक भुगतान कर दिया गया है। अतः सम्बन्धित से ₹20 की वसूली करके अनुपालना से अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9 वाउचर संख्या 19/2014 माह 9/14 ₹40000**

अर्न्तमहाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन हेतु महाविद्यालय कमेटी द्वारा मै0 रोज लाईट एवं साउंड सिस्टम, ठियोग को न्यूनतम निविदा के आधार पर शामयाना, कुर्सियाँ, गेट इत्यादि उपलब्ध करवाने हेतु आपूर्ति आदेश इस शर्त पर अनुमोदित किया कि No Packing, forwarding and other charges will be paid by this office unless specifically mentioned in your quotation. परन्तु वाउचर की जाँच करने पर पाया गया है कि इस शर्त की अनदेखी करके डा0 राम गोपाल चौहान द्वारा फर्म को "मजदूरी एवं ढुलाई" मद के ₹2550/– का भुगतान कर दिया गया। ऐसा करने का औचित्य स्पष्ट करते हुए सम्बन्धित से इसकी प्रतिपूर्ति करके इस राशि को सम्बन्धित निधि में जमा करवाकर कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**10 वाउचर संख्या 20/2014 माह 9/14 ₹20000**

अर्न्तमहाविद्यालय कबडडी प्रतियोगिता के आयोजन पर मुख्य अतिथि तथा अन्य कर्मचारियों के नाश्ता, दोपहर के खाने, रात के खाने, चायपान के लिए मिश्रित निधि से कुल ₹8050 का व्यय किया गया, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | राजटा कैन्टीन, राजकीय महाविद्यालय ठियोग बिल संख्या शून्य दिनांक | 18.9.14 | 450 |
| 2 | राजटा कैन्टीन, राजकीय महाविद्यालय ठियोग बिल संख्या शून्य दिनांक | 19.9.14 | 1650 |
| 3 | राजटा कैन्टीन, राजकीय महाविद्यालय ठियोग बिल संख्या शून्य दिनांक | 20.9.14 | 1550 |
| 4 | राजटा कैन्टीन, राजकीय महाविद्यालय ठियोग बिल संख्या शून्य दिनांक | 21.9.14 | 4400 |
| | | **योग** | **8050** |

अंकेक्षण के मतानुसार उपरोक्त व्यय मिश्रित निधि पर एक वैध प्रभार नहीं है। अतः नियमों के अन्तर्गत इस व्यय को वैध ठहराया जाए अन्यथा सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी से ₹8050 की वसूली प्रभावी करके इस निधि में राशि को जमा करते हुए अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**11 वाउचर संख्या 21/2014 माह 9/14 ₹36000**

अर्न्तमहाविद्यालय कबडडी प्रतियोगिता के पारितोषिक समारोह हेतु ₹32225 के कुल 197 स्मृति चिन्ह (मूमैन्टो) मै0 प्राईम स्पोर्टस, सन्जौली से बिल संख्या 3551 दिनांक 19.9.14 द्वारा खरीदे गए। अंकेक्षण के दौरान जाँच करने पर निम्नलिखित आपत्तियाँ इस सन्दर्भ में आरोपित की जाती हैः–

**1)** उपरोक्त खरीद हिमाचल प्रदेश वित्त नियम–2009 के अन्तर्गत निविदाएँ आमन्त्रित करने उपरान्त बाजारी प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाए बिना ही कर ली गई है। अतः नियमों की अनदेखी करने का औचित्य स्पष्ट करते हुए अब इस खरीद को "Purchase on single Quatations Basis" का मामला मानते हुए सक्षम अधिकारी की स्वीकृति/अनुमोदन से नियमित करवाया जाए एवं अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**2)** अभिलेख में जिन प्रतिभागियों को यह स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए है, की विवरणी नहीं पाई गई है। अतः आगामी अंकेक्षण के समय इसे प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**3)** भण्डारण रजिस्टर के पन्ना संख्या 34 पर केवल 10 स्मृति चिन्हों की प्राप्ति की ही प्रविष्टि दर्ज है जबकि उपरोक्त फर्म से 197 स्मृति चिन्ह खरीदे गये दर्शाए गए है। इस सम्बन्ध में ठीक प्रविष्टि दर्ज करके चूक का स्पष्टीकरण किया जाना बनता है।

**4)** इस बिल को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा पारित नहीं किया गया है। अतः उचित कार्यवाही करके आगामी अंकेक्षण के समय अवगत करवाया जाए।

**5)** इसी अग्रधन के समायोजन के साथ मै0 महाजन प्रिटिंग प्रैस सन्जौली से बिल संख्या 225 दिनांक 19.9.14 द्वारा 150 आमन्त्रण पत्र तथा 4 नं0 बैनर 120 sqfeet के बनाये जिसका भुगतान ₹3790 का फर्म को कर दिया परन्तु स्टॉक रजिस्टर में केवल आमन्त्रण पत्र की प्रविष्टि की और 4 नं0 बैनर की प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर में नहीं पाई गई। स्टॉक रजिस्टर में 4 नं0 बैनर की प्रविष्टि न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा अब इसकी प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर में कर आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

12 **वाउचर संख्या 20/2014 माह 9/14 ₹10000**

**(1)** मैसर्ज प्रताप चन्द मिलखा राम ठियोग बिल संख्या 2853 दिनांक 19.9.14 को ₹341 का भुगतान किया यद्यपि यह बिल ₹341.25 का था परन्तु बरसर तथा प्राचार्य द्वारा यह बिल ₹300 का भुगतान हेतु पारित किया। अतः इस प्रकार बिल में ₹41 का अधिक भुगतान किया गया जिसकी भरपाई सम्बन्धित फर्म से करके मिश्रित निधि में जमा की जाये और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(2)** इसके अतिरिक्त जोशी इन्टरप्राईजिज ठियोग से बिल संख्या 4556 दिनांक 17.9.14 के द्वारा 40 कि0ग्रा0 चूना ₹400 तथा 4.2 कि0ग्रा0 पी0बी0सी0 पाईप ₹630 की आपूर्ति की परन्तु इसकी प्रविष्टि भण्डार रजिस्टर में नहीं की। अतः बिना भण्डार रजिस्टर में प्रविष्टि किये और इस सामग्री का उपयोग किस स्थान पर किया बिना स्पष्ट किये इस व्यय को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। अतः इस सामग्री की प्रविष्टी स्टॉक रजिस्टर में करने के उपरान्त जिस स्थान पर इस सामग्री का उपयोग किया गया, का उल्लेख सम्बन्धित रजिस्टर में किया जाये और आगामी अंकेक्षण में इसका सत्यापन करवाया जाये।

**(3)** उक्त समायोजन वाउचरों में श्री अतिराम तथा श्री रविन्द्र ठाकुर को ₹3000 प्रत्येक व्यक्ति कुल ₹6000 का भुगतान की रसीद लगाई गई परन्तु इन रसीदों को न तो किसी प्रोफेसर द्वारा

सत्यापित किया गया और न ही प्राचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया गया। अतः औपचारिकताओं को पूरा न किये जाने पर इस भुगतान की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकती। अतः इस भुगतान की रसीदों को भुगतान किये आचार्य द्वारा सत्यापित करवाकर तथा प्राचार्य से प्रतिहस्ताक्षरित करवाया जाए। अन्यथा इस किये गये भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके मिश्रित निधि में जमा की जायें तथा कृत अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**13 वाउचर संख्या 31/2014 माह 9/14 ₹1400**

उक्त भुगतान श्री अनिल कुमार चौहान, अधीक्षक महाविद्यालय द्वारा मै0 फ्रैंडस डोट कोम संजौली को उनके बिल संख्या 313 दिनांक 22.9.14 द्वारा 4 नं0 एच0पी0 लैजर टोनर को भरने के एवज में किया। यह रीफिलिंग संस्था के कार्यालय में उपयोग होने वाले कम्पयूटरस के लिए की गई प्रतीत होती है। अतः इस सन्दर्भ में मिश्रित निधि से किया गया भुगतान अनियमित है जिसकी भरपाई कार्यालय व्यय से करके मिश्रित निधि में जमा की जाये और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**14 वाउचर संख्या 24/2014 माह 9/14 ₹45000/–**

उक्त अग्रधन का भुगतान आचार्य अनिल राठौर को राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में हि0प्र0 विश्वविद्यालय ईंटर कालेज युवा उत्सव समूह–4 (चार) में संस्था के छात्रों एवं छात्राओं को भाग लेने के एवज में किया। इस अग्रधन के समायोजन वाउचरों की जाँच करने पर निम्नलिखित आपत्तियाँ पाई गईः–

राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर कालेज उत्सव समूह चार में भाग लेने के लिये छात्र एवं छात्राओं के लिये जो सामग्री की खरीद की। उसकी प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर संख्या–II पृष्ठ 301 में सामग्री का ब्यौरा न देकर बिल में दर्शाई क्रमवार मदों का योग दर्शाकर प्रविष्टि की गई जबकि स्टॉक रजिस्टर में नियमानुसार खरीदी गई सामग्री का ब्यौरा मदवार दर्शाकर प्रविष्टि की जानी थी और उसके पश्चात जिस उद्देश्य के लिये सामग्री जारी की उस की प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर में दर्शाई जानी अपेक्षित थी। अतः स्टॉक रजिस्टर में नियमानुसार सामग्री का ब्यौरा न देने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और नियमानुसार स्टॉक रजिस्टर में सामग्री की प्राप्ति एवं उपयोग की प्रविष्टियाँ करके आगामी अंकेक्षण में दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

**15 वाउचर संख्या 15/2015 माह 9/15 ₹2000**

(1) ₹2000 का भुगतान अग्रधन के रूप में डा0 अनिता शर्मा अंग्रेजी विभाग को "English literary Society Function, 2015" को मनाने हेतु किया गया। अग्रधन के समायोजन खाते में संलग्न अभिलेख/बिलों आदि की जाँच पड़ताल करने पर पाया गया कि बिलों को न तो किसी सक्षम अधिकारी द्वारा समायोजन/भुगतान हेतु सत्यापित/पारित किया गया है। परिणामस्वरूप अग्रधन ₹2000 के समायोजन को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। अतः बिना बिलों को सत्यापित तथा पारित करवाये अग्रधन को समायोजन करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये अन्यथा इस ₹2000 की वसूली कर मिश्रित निधि में जमा की जाये तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि M/S city sales, The Ridge Shimla से दिनांक 5.9.15 को खरीद किये स्मृति चिन्हों की भण्डारण रजिस्टर में प्रविष्टि नहीं की गई थी तथा यह स्मृति चिन्ह किस–2 को वितरित किये गये उससे सम्बन्धित भी कोई विवरण साथ संलग्न नहीं था जिसके अभाव के फलस्वरूप इस व्यय को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। अतः खरीद किये गये स्मृति चिन्हों की भण्डारण रजिस्टर में प्रविष्टि न करना और न ही इनके वितरण से सम्बन्धित ब्यौरा तैयार करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये इसे आगामी अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**16 वाउचर संख्या 6/2015 माह 9/15 ₹20200/–**

उक्त भुगतान डा0 नरेश शर्मा, लोक, प्रशासन विभाग को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा रोहडू में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इन्टर कालेज बालीबाल (पुरूष) प्रतियोगिता में छात्रों को भाग लेने के एवज में किया। इस भुगतान से सम्बन्धित वाउचरों की जाँच करने पर निम्नलिखित अनियमितताऐं पाई गई

1 इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 12 छात्रों ने भाग लिया तथा हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम से ठियोग से सीमा रोहडू के किराये ₹135 का प्रमाण पत्र प्राप्त करके उसके आधार पर ठियोग से सीमा रोहडू के लिये 12 छात्रों को आने जाने के लिये ₹3240 का व्यय किया गया परन्तु किराये पर व्यय से सम्बन्धित कोई भी प्रमाण/टिकट संलग्न

नहीं थे जिसके आधार पर इस व्यय को न्यायोचित ठहराया जा सके। अतः ₹3240 के भुगतान से सम्बन्धित बस किराये की टिकटें/प्रमाण साथ संलग्न कर आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये अन्यथा ₹3240 की वसूली सम्बन्धित से करके सम्बन्धित छात्र निधि में जमा की जाये और अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

2 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा रोहड़ू में बाली–बाल प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा भाग लेने से पूर्व दिनांक 9.9.15 से 18.9.15 तक 10 दिनों की महाविद्यालय कोचिंग शिविर लगाया जिसके लिये ₹25 प्रतिदिन की दर से ₹250 प्रति छात्र जलपान के लिये भुगतान किया तथा कुल भुगतान ₹3000 किया गया परन्तु सम्बन्धित वाउचर की जाँच पड़ताल करने पर पाया गया के छात्र विशाल वर्मा तथा अरूण कुमार ने प्राप्ति पर हस्ताक्षर नहीं किये जिसके फलस्वरूप ₹500का अधिक भुगतान किया प्रतीत होता है जिसके बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और ₹500 की वसूली उचित माध्यम से करके सम्बन्धित छात्र निधि में जमा की जाये। अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**17 वाउचर संख्या 17/2015 माह 9/15 ₹50000/–**

उक्त भुगतान प्रोफेसर श्री विक्रम भारद्वाज, इतिहास विभाग को गौतम कन्या महाविद्यालय हमीरपुर में इंटर कालेज युवा उत्सव समूह–IV में छात्राओं द्वारा भाग लेने के एवज में किया। उक्त भुगतान से सम्बन्धित वाउचरों की जाँच करने पर निम्नलिखित आपत्तियाँ पाई गईः–

1 इस उत्सव में भाग लेने के लिए 13 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश परिवहन पथ निगम से ठियोग से हमीरपुर के किराया ₹274 का प्रमाण पत्र प्राप्ति के आधार पर 13 छात्रों का आने जाने के किराये का भुगतान ₹7124 का व्यय किया परन्तु किराये के भुगतान से सम्बन्धित कोई भी टिकट/प्रमाण भुगतान वाउचरों के साथ संलग्न नहीं था जिसके आधार पर इस भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाता। अतः ₹7124 के भुगतान से सम्बन्धित किराये की टिकटें/प्रमाण साथ संलग्न करें अन्यथा ₹7124 की वसूली उचित माध्यम से करके सम्बन्धित छात्र निधि में जमा की जाये और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

2 इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि युवा उत्सव, हमीरपुर में भाग लेने के लिये जो सामग्री की खरीद की गई उसकी प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर II के पृष्ठ 302 में मदवार न करके बिलवार की गई तथा सामान के निर्गम अथवा खपत की कोई प्रविष्टि नियमानुसार नहीं की गई जिसके अभाव में यह सुनिश्चित नहीं किया सा सका कि खरीद की गई सामग्री से कितनी सामग्री उत्सव के दौरान उपयोग की गई व कितनी बकाया में रही। अतः प्रत्येक मद की मदवार प्रविष्टियाँ न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और भविष्य में सामग्री की प्रविष्टियाँ मदवार कर और तदानुसार उपयोग कर दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

**18 छात्र निधियों से विभिन्न–2 उद्देश्य के लिये अग्रधनों से बकाया राशियों को देरी से जमा करवाने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि राजकीय महाविद्यालय के छात्र निधियों से विभिन्न उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के लिये आचार्यों द्वारा अग्रिम धन प्राप्त किये इन अग्रिम धनों के समायोजन वाउचरों की जाँच पड़ताल करने पर पाया गया कि लिये गये अग्रिमों से बकाया में राशियाँ थी उन्हें समय पर जमा न करवाकर देरी से छात्र निधियों में जमा किया गया। जबकि नियमानुसार जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अग्रिम लिया है उसकी पूर्ति के पश्चात जो अग्रिम बकाया में है उसे उसी दिन या उससे अगले दिन सम्बन्धित कोष में जमा किया जाना अपेक्षित होता है। अग्रिम से बकाया राशि को सम्बन्धित छात्र निधि में देरी से जमा करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और जिन अध्यापक वर्ग/कर्मचारियों द्वारा अग्रिम के बकाया को बहुत देरी से जमा किया है। उस पर नियमानुसार ब्याज की वसूली की जाये और भविष्य में अग्रिम के बकाया को सम्बन्धित निधियों में समय पर जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| **वा0सं0** | **नाम** | **अग्रधन का उद्देश्य** | **अग्रधन राशि ₹ में** | **समायोजन राशि ₹ में** | **बकाया ₹ में** | **जमा करने की रसीद संख्या/ दिनांक** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 48/2012 /4.10.12 | प्रो0 गोपाल भारद्वाज | धर्मशाला कालेज में एच0पी0यू0 यूथ उत्सव में भाग लेने के लिये | 32000 | 30467 | 1533 | रसीद संख्या 124953 दिनांक 15.12.12 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 50/2012 /10.10.12 | प्रो0मनोज मेहता | राजकीय महाविद्यालय नैरवा में इंटरकालेज कबडडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 14000 | 9430 | 4570 | रसीद सं0 0862022 दिनांक 6.5.2014 |
| 51/2012 /10.10.12 | प्रो0 ललिता रावत | रामपुर कालेज में एच0पी0यू0 यूथ समूह IV में भाग लेने के लिये | 40000 | 30400 | 9600 | रसीद संख्या 1249761 दिनांक 21.12.2012 |
| 52/2012 /10.10.12 | प्रो0 अरविन्द पाल | सुन्दरनगर कालेज में इंटर कालेज बोक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 15000 | 9088 | 5912 | रसीद संख्या 0748032 दिनांक 18.2.13 के द्वारा ₹5636 व रसीद सं 678759 दिनांक 21.3.13 से ₹276 जमा |
| 59/2012 /15.11.12 | प्रो0 मनोज मेहता | कोटखाई कालेज में इंटर कालेज बालीबाल (पुरूष) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 10000 | 8112 | 1888 | रसीद संख्या 0862021 दिनांक 6.5.14 |
| 27/2013 /16.9.13 | प्रो0 गोपाल चौहान | रामपुर कालेज में क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 19000 | 14433 | 4567 | रसीद संख्या 5166 दिनांक 9.10.13 |
| 32/2013 /30.9.13 | प्रो0 मनोज मेहता | सीमा (रोहड्रू) कालेज में कबडडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 15000 | 12520 | 2480 | रसीद संख्या 0862024 दिनांक 6.5.14 |
| 36/2013 /14.10.13 | प्रो0 ललिता रावत | सीमा (रोहड्रू) में एच0पी0यू0 यूथ उत्सव समूह–IV में भाग लेने के लिये | 4000 | 39667 | 333 | रसीद संख्या 0687264 दिनांक 6.2.14 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37/2013 /21.10.13 | प्रो0 गोपाल चौहान | आर0जी0जी0डी0 शिमला–4 में बालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 10300 | 6575 | 3725 | रसीद संख्या 0687271 दिनांक 11.2.14 |
| 38/2013 /21.10.13 | प्रो0 मनोज मेहता | रामपुर कालेज में बालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए | 12800 | 9168 | 3632 | रसीद संख्या 0862025/ 6.5.14 |
| 41/2013 /27.10.13 | प्रो0 पुष्पा शास्त्री | कुल्लू कालेज में बाकिसंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए | 10800 | 1960 | 8840 | रसीद संख्या 1249463/ 30.11.13 |
| 6/2014 /8.9.14 | प्रो0 कामनी शांडिल | जी0सी0 शिमला–4 में बैडमैन्टन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 10600 | 7364 | 3236 | रसीद संख्या 00227812 दिनांक 10.12.14 |
| 7/2014 /8.9.14 | प्रो0 संगीता नेगी | जी0डी0सी0 रिकांगपिओ में बालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 12600 | 10457 | 2143 | रसीद संख्या 22783 दिनांक 10.12.14 |
| 19/2014 /17.9.14 | प्रो0 डा0 गोपाल चौहान | कालेज में एच0पी0यू0 इंटरकालेज कबडडी प्रतियोगिता का प्रबन्ध करने के लिये | 40000 | 39300 | 700 | रसीद संख्या 0042380 दिनांक 13.10.14 |
| 23/2014 /17.9.14 | प्रो0 मनोज मेहता | ठियोग कालेज में कबडडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 8000 | 6825 | 1175 | रसीद संख्या 0022794 दिनांक 22.12.14 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24/2014 /17.9.14 | प्रो0 अनिता राठौर | सोलन कालेज में एच0पी0यू0यूथ उत्सव समूह–IV में भाग लेने के लिये | 45000 | 30311 | 14689 | रसीद संख्या 0042817 दिनांक 11.11.14 |
| 25/2014 /18.9.14 | प्रो0 हेमन्त कुमार | कबडडी प्रतियोगिता के समापन समारोह हेतु | 2500 | 1870 | 630 | रसीद संख्या 0042381 दिनांक 13.10.14 |
| 26/2014 /23.9.14 | प्रो0 संगीता मोहन | कुल्लू में एच0पी0यू0 यूथ उत्सव समूह–II में भाग लेने के लिये | 8400 | 4481 | 3919 | रसीद संख्या 0022784 दिनांक 10.12.14 |
| 27/2014 /23.9.14 | श्री अनिल चौहान अधीक्षक | सप्लीमैन्टरी पेपर को करवाने के लिये | 15000 | – | 15000 | रसीद संख्या 0136068 दिनांक 31.3.15 |
| 28/2014 /23.9.14 | प्रो0डा0 गोपाल चौहान | नैरवा में क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 25000 | 22640 | 2360 | रसीद संख्या 0022656 दिनांक 26.11.14 |
| 33/2014 /9.10.14 | प्रो0 मनोज मेहता | नाहन में बास्केटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 12000 | 11032 | 965 | रसीद संख्या 0022796 दिनांक 22.12.14 |
| 34/2014 /9.10.14 | प्रो0 मनोज मेहता | आर0के0एम0बी0 शिमला में जुडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 4000 | 3099 | 901 | रसीद संख्या 0022795 दिनांक 22.12.14 |
| 35/2014 /15.10.14 | प्रोफेसर डा0 गोपाल चौहान | राजकीय महाविद्यालय संजौली में एच0पी0यू0 समूह–III उत्सव | 35000 | 24040 | 10960 | रसीद संख्या 0022657 दिनांक 26.11.14 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36/2014 /15.10.14 | प्रोफेसर श्री हेमन्त कुमार | सी0एस0सी0ए0 शपथ समारोह | 22000 | 19060 | 2940 | रसीद संख्या 0022789 दिनांक 12.12.14 |
| 16/2015 /7.9.15 | प्रोफेसर श्री नरेश वर्मा | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा रोहडू में बालीबाल प्रतियोगिता | 20200 | 18280 | 1920 | रसीद संख्या 0122738 दिनांक 6.11.15 |
| 17/2015 /22.9.15 | प्रोफेसर श्री विक्रम भारद्वाज | महाविद्यालय हमीरपुर में एच0पी0यू0 यूथ महोत्सव समूह-IV में भाग लेने के लिये | 50000 | 30995 | 19005 | रसीद संख्या 0116790 दिनांक 13.10.15 |
| 19/2015 /30.9.15 | प्रोफेसर श्री मनोज मेहता | हि0प्र0 विश्वविद्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 21000 | 20250 | 750 | रसीद संख्या 0122750 दिनांक 6.11.15 |
| 21/2015 /5.10.15 | प्रोफेसर श्रीमती संगीता नेगी | राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में कबडडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 14500 | 10478 | 4022 | रसीद संख्या 0122719 दिनांक 4.11.15 |
| 22/2015 /5.10.15 | श्री बाबू राम | राजकीय महाविद्यालय करसोग में बालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 16300 | 13299 | 3001 | रसीद संख्या 0122724 दिनांक 5.11.15 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24/2015 /17.10.15 | प्रोफेसर मनोज मेहता | राजकीय डिग्री कालेज संजौली में ताईकवांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये | 10500 | 9827 | 673 | रसीद संख्या 0122726 दिनांक 5.11.15 |
| 26/2015 /29.10.15 | प्रोफेसर नरेश वर्मा | राजकीय स्नातकोत्तर की डिग्री कालेज में एच0पी0यू0यूथ उत्सव में भाग लेने के लिए | 30000 | 29195 | 805 | रसीद संख्या 0122778 दिनांक 17.2.16 |

**19 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को भेजी राशि में ₹121 के अधिक भुगतान की सम्भावनाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को पंजीकरण शुल्क, कन्टीनयूस शुल्क, विश्वविद्यालय खेल शुल्क, युवा सहायता, होलिडे होम शुल्क तथा माईग्रेशन शुल्क के अन्तर्गत जनवरी 13 में भेजी ₹41953 के साथ संलग्न छात्रों के वितरण में दी संख्या में भिन्नता थी जिसके फलस्वरूप ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को किये गये भुगतान में ₹121 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वा0सं0/माह | भुगतान का विवरण | जितने छात्रों का भुगतान किया | संलग्न लिस्ट में छात्रों की सं0 | कुल भुगतान |
|---|---|---|---|---|
| 1/2013 | विश्वविद्यालय निधि | 843 | BA-I=237<br>BA-II=201<br>BA-III=135<br>B.Sc-I=31 | 41953 |

B.Sc-II=32

B.Sc-III=11

B.Com-I=79

B.Com-II=80

B.Com-III=37

**कुल संख्या 843**

नस्ति में संलग्न छात्र सूची में से क्रम संख्या 149 में दर्शाये छात्र कुमार नीखल चन्देल तथा क्रम संख्या 20 में दर्शाये छात्र कुमार दिक्षित बराबटा के नाम को काटा दर्शाया गया था और कुमार दिक्षित कक्षा B.A.I के विश्वविद्यालय फण्ड को वाउचर संख्या 2/2013 दिनांक 16.10.13 को चैक संख्या 980748 के द्वारा ₹61 को भेजा गया दर्शाया गया। अतः इस प्रकार कुल 841 छात्रों का विश्वविद्यालय फण्ड जमा किया जाना था जबकि 843 छात्रों का विश्वविद्यालय में जमा किया। इस प्रकार दो छात्रों के (61X2) ₹121 अधिक जमा किये गये प्रतीत होते है जिसकी जाँच अपने स्त्तर पर करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**20 वाउचरों को प्राचार्य द्वारा पारित न करवानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि आचार्यों तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा छात्र निधि से लिये अग्रधनों के समायोजन में संलग्न भुगतान वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि महाविद्यालय द्वारा अग्रिम का समायोजन, समायोजन के साथ संलग्न बिलों को सक्षम अधिकारी से बिना पारित करवाकर किया गया जोकि अनियमित था जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। अतः अग्रधन के समायोजन के वाउचरों को सक्षम अधिकारी से स्वीकृत/पारित करवाये अग्रधनों का समायोजन करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और इन वाउचरों को सक्षम अधिकारी से पारित करवाकर आगामी अंकेक्षण में दिखाये जाने सुनिश्चित किये जाये।

| **माह** | **वाउचर का संक्षिप्त विवरण** | **राशि ₹ में** | **कमियों का विवरण** |
|---|---|---|---|
| 48/2012/10/12 | धर्मशाला में एच0पी0यू0 यूथ | 32000 | दरी/कारपैट के लिये भुगतान की रसीद/बिल को न तो |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | उत्सव में भाग लेने के लिये श्री गोपाल भारद्वाज को भुगतान | | सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया और न ही पारित किया गया |
| 49/2012/10/12 | घुमारवीं में इंटर कालेज बास्केट बॉल (पुरूष) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रो0 कामना महेन्द्रों को भुगतान | 13600 | समायोजन में संलग्न व्यय बिलों जैसेकि एच0आर0टी0सी0 की रसीद फार्म/चायपान के व्यय चार्ट/दैनिकी चार्ट/दरी पर किये व्यय की रसीद/आदि को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं पारित नहीं किया गया। |
| 50/2012/10/12 | नैरवा में कालेज कबडडी (महिला) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रो0 मनोज मेहता को भुगतान | 14000 | किराये के लिये व्यय वाउचर/रसीद को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं पारित नहीं करना |
| 52/2012/10/2012 | सुन्दरनगर में बाक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये श्री अरविन्द पाल को भुगतान | 15000 | अग्रधन के समायोजन के लिये संलग्न बिलों को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं पारित न करना |
| 59/2012/11/2012 | कोटखाई में इंटर कालेज बालीबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रो0 मनोज मेहता को भुगतान | 10000 | समायोजन वाउचर में संलग्न बिलों में कार्यालय चार्जिज/दरी चार्जिज के बिलों को सत्यापित एवं पारित नहीं करवाना |
| 26/2013/9/2013 | सुन्दरनगर में एच0पी0यू0 यूथ उत्सव समूह–III में भाग लेने के लिये प्रो0 गोपाल चौहान को भुगतान | 30000 | समायोजन वाउचरों में संलग्न एच0आर0टी0सी0 के किराये के व्यय, प्रोफेशनल को दैनिकी के व्यय, भाग लेने के व्यय, दरी चार्जिज के व्यय को सक्षम अधिकारी से सत्यापित एवं पारित न करवाना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27／2013／9／13 | रामपुर में इंटरकालेज क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रो0 गोपाल चौहान को अग्रिम भुगतान | 19000 | समायोजन में संलग्न बिल／वाउचरों में एच0आर0टी0सी0 के किराये के भुगतान तथा दैनिक के भुगतान को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं पारित नहीं किया गया था |
| 33／2013／9／13 | नालागढ़ में बास्केट बाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रो0 भिवा सरस्वती को अग्रिम भुगतान | 17500 | समायोजन में संलग्न जलपान आदि खर्च के ब्यौरे, दरी चार्जिज, दैनिकी के भुगतान आदि को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं पारित नहीं किया गया था। |
| 36／2013／10／13 | सीमा (रोहड़ू) में एच0पी0यू0 यूथ उत्सव समूह–IV में भाग लेने के लिये प्रो0 ललिता रावत को अग्रिम भुगतान | 40000 | समायोजन में संलग्न जलपान, दैनिकी के भुगतान तथा अन्य व्यय के बिलों को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं पारित नहीं किया गया था। |
| 37／2013／10／13 | आर0जी0जी0डी0 सी0शिमला–4 में इंटर कालेज बालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रो0 गोपाल चौहान को अग्रिम भुगतान | 10300 | समायोजन में संलग्न जलपान विवरणिका／व्यय, दैनिकी पर व्यय／दवाई पर व्यय बिलों आदि को सक्षम अधिकारी से सत्यापित एवं पारित न करवाना |
| 15／2015／9／15 | कालेज में इंग्लिश लिटरैसी सोसाईटी उत्सव के लिये प्रो0 डा0 अनिता शर्मा को अग्रिम भुगतान | 2000 | समायोजन में संलग्न जलपान बिल, मै0 सीटी सैल्स बिल आदि को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित एवं पारित न करना |

21 **लघु आपत्ति विवरणिकाः–** अलग से जारी नहीं की गई।

22 **निष्कर्षः–** अभिलेखों के रख–रखाव में और सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–

(सतपाल सिंह)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.
0177–2620881

पृष्ठांकन संख्या फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(11)(i)241/2003 खण्ड–1,4357–4359 दिनांक 18.07.2017
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 उप सचिव (उच्चत्तर शिक्षा) हि0प्र0 शिमला–171002
2 निदेशक, शिक्षा (उच्चत्तर शिक्षा) विभाग हि0प्र0 शिमला–171001
**पंजीकृत** 3 प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय ठियोग, तहसील ठियोग, जिला शिमला, हि0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को शीघ्र भेजें।

हस्ता/–

(सतपाल सिंह)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.
0177–2620881

## परिशिष्ट "क" (पैरा संख्या (1) के सन्दर्भ में)

### (क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 6/99 से 3/2002

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पैरा–9 | अनिर्णीत |
| 2 | पैरा–10 (क) | अनिर्णीत |
| 3 | पैरा–10 (ख) | अनिर्णीत |
| 4 | पैरा–12 | अनिर्णीत |
| 5 | पैरा–13 | अनिर्णीत |
| 6 | पैरा–15 (ख) | अनिर्णीत |

### (ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2002 से 3/2012

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क ₹70000 पैरा के अनुसार बैंक ड्राफ्ट संख्या 1749103 दिनांक 28.4.12 को जमा कर दी गई) |
| 2 | पैरा–4 | अनिर्णीत | |
| 3 | पैरा–5 | अनिर्णीत | |
| 4 | पैरा–6 | अनिर्णीत | |
| 5 | पैरा–7 | अनिर्णीत | |
| 6 | पैरा–8 | निर्णीत | (₹798 की वसूली रसीद संख्या 766191 दिनांक 29.4.12 द्वारा की गई) |
| 7 | पैरा–9 | निर्णीत | (₹338 की वसूली रसीद संख्या 766191 दिनांक 29.4.12 द्वारा की गई) |
| 8 | पैरा–10 | निर्णीत | (₹45 की वसूली रसीद संख्या 766191 दिनांक 29.4.12 द्वारा की गई) |
| 9 | पैरा–11 | निर्णीत | (₹43 की वसूली रसीद संख्या 766191 दिनांक 29.4.12 द्वारा की गई) |
| 10 | पैरा–12 | निर्णीत | (₹28 की वसूली रसीद संख्या 766191 दिनांक 29.4.12 द्वारा की गई) |
| 11 | पैरा–13 | निर्णीत | (₹180 की वसूली रसीद संख्या 766191 दिनांक 29.4.12 द्वारा की गई) |
| 12 | पैरा–14 | आंशिक निर्णीत | (दिनांक 18.10.2005 को लिये अग्रधन ₹1800 का समायोजन को समापन उपरान्त निर्णीत किया परन्तु दिनांक 10.11.09 के लिये अग्रधन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | ₹500 का अभी तक समायोजन लेखा प्रस्तुत नहीं किया) |
| 13 | पैरा–15 | अनिर्णीत | |
| 14 | पैरा–16 | अनिर्णीत | |
| 15 | पैरा–17 | अनिर्णीत | |
| 16 | पैरा–18 | अनिर्णीत | |
| 17 | पैरा–19 | अनिर्णीत | |
| 18 | पैरा–20 | अनिर्णीत | |
| 19 | पैरा–21 | अनिर्णीत | |
| 20 | पैरा–22 | अनिर्णीत | |
| 21 | पैरा–23 | अनिर्णीत | |
| 22 | पैरा–24 | निर्णीत | (रसीद संख्या 678760 दिनांक 3.4.13 ₹100 की वसूली कर ली गई) |
| 23 | पैरा–25 | अनिर्णीत | |
| 24 | पैरा–26 | अनिर्णीत | |
| 25 | पैरा–27 | अनिर्णीत | |
| 26 | पैरा–28 | अनिर्णीत | |
| 27 | पैरा–29 | अनिर्णीत | |

## अनिर्णीत पैरों का सार

| | |
|---|---|
| दिनांक 1.4.12 को अनिर्णीत पैरों का प्रारम्भिक शेष | 33 |
| (+) वर्तमान अंकेक्षण के दौरान लगाए गए पैरे | 14 |
| (–) वर्तमान अंकेक्षण के दौरान निर्णीत किए गए पैरे | 8 |
| दिनांक 31.3.16 को अनिर्णीत पैरों का अन्तशेष | 39 |